# PRESIDENCY UNIVERSITY
## Admission Test 2013
### B.A. Hindi Hons.

**2 Hours** **Full Marks -100**

१. निम्नलिखित विषय पर निबन्ध (३०० शब्दों में ) लिखिए -

***भारतीय फिल्में : समाज और संस्कृति*** (40)

२.

कवि, आज भी मानव
यहाँ पर मरे चूहे-सा उपेक्षित है।
वह बैलगाड़ी के अचानक (राह में )
दो भग्न पहियों-सा पराजित।
युद्ध में टूटे हुए उद्ध्वस्त पुल-सा
वह विदारित।
भग्न ईश्वर मूर्ति-सा वह है विखण्डित प्राण।
वह फाड़ी हुई चिट्ठी-सरीखा
घोर अपमानित
सहज अनजान।
जर्जर मलिन आँचर-सा अनादृत दीन।
बूढ़े करुण धुँधले लोचनों-सा
मलिन तेजोहीन।
वह अंधेरी श्याम गलियों-सा उलझता व्यर्थ
वंचित, वह प्रवंचित याचना असमर्थ
फेंके प्याज के छिलकों-सरीखा धूल खाता राह
यह पंजाब, यह बंगाल, यह है मालवे का दाह
हिन्दुस्तान की यह एक मात्र कराह।

(i) उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर आज के मानव की त्रासदी पर प्रकाश डालिए। (10)

(ii) आप की दृष्टि में आज के मानव की त्रासदी के क्या कारण हैं ? (10)

(iii) 'यह पंजाब, यह बंगाल, यह है मालवे का दाह
हिन्दुस्तान की यह एक मात्र कराह।' - से कवि का क्या तात्पर्य है ? (10)

(iv) रेखांकित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ? (5x2=10)

३. निम्नलिखित अनुच्छेद में निहित वर्तनीगत अशुद्धियों को शुद्ध कीजिए - (10)

निराला की नीर्भीकता बहुखयात रही हैं। उनमे आत्मियता और मैत्री का गुन प्रबल था। वे किसी प्रकार के शिश्टाचार के पाबंद नही थे। अपने मित्रो से किसी प्रकार की ओपचारिक संबंध की अपेक्षा नही रखते थे। उनका व्यकतित्व एक अन्वरत संघर्ष का प्रतिनीधि था। निराला के अंतिम कुछ दिनों कि जीवन कथा अतयन्त कारूणिक है। वे अपना मानसीक संतुलन खो चुके थे। उन्हे नियमित शुशूर्षा की आवश्यकता थी।

४. निम्नलिखित वाक्यों की व्याकरणगत अशुद्धियों को रेखांकित कर उनके कारणों का उल्लेख करते हुए शुद्ध कीजिए - (5x2=10)

(i) धूमिल ने कुछ अपूर्व और आश्चर्यजनक काव्य प्रयोग किये थे।

(ii) निराला हिन्दी के उत्कृष्ट महान कवि है।

(iii) मुक्तिबोध के काव्य के शैली में व्यंग्य प्रधान है।

(iv) पंत ने बहुत श्रेष्ठ कविताएं लिखी।

(v) उनमें आवश्यक गुणों की आवश्यकता है।